गद्दी समाज की बैठक में दिया शिक्षा पर जोर

बरेली। आल इंडिया गद्दी समाज की बैठक कुंवरपुर में हुयी। जिसकी अध्यक्षता प्रदेश उपाध्यक्ष हाजी शाह आलम ने की और संचालन कार्यकारणी सदस्य असलम गद्दी ने किया। हाजी शाह आलम ने इस बैठक में कहा कि १३ अक्टूबर से १४ अक्टूबर तक लखनऊ गोमती सदन में प्रदेश स्तरीय राष्ट्रीय कार्यकारणी की बैठक होगी। जिसमें पूर्व सांसद दाऊद अहमद लोगों का मार्ग दर्शन करेंगे। उन्होंने बताया कि इस बैठक का उद्देश्य शिक्षा पर जोर देने का है। बिरादरी के बच्चे जो शिक्षा में पूरी तरह पिछड़े है। उनको आगे लाने हेतु विद्यालय खोलेने, ट्रेनिंग सेंटर बनाने, छात्रावास स्थापित करने पर विचार किया जायेगा। इसके साथ ही लखनऊ में जमीन का चयन कर लिये जाने पर भी चर्चा होगी। उन्होंने यह भी बताया कि यह जानकारी राष्ट्रीय महासचिव शकील अहमद एड० द्वारा दी गयी है। श्री आलम ने लखनऊ की इस बैठक में पहुंचने की सभी से अपील की है। कुंवरपुर में हुयी बैठक में जिलाध्यक्ष रईस उद्दीन के अलावा जिला उपाध्यक्ष अशफाक अली, उपाध्यक्ष शकीर अली, प्रधान अबिद अली, साबिर अली, महामंत्री मुश्ताक अली, जिला मंत्री सुल्तान अहमद व अवसर अली मौजूद थे।

बरेली से प्रकाशित दैनिक ''आज''
दिनांक: 13.10.2012 में
प्रकाशित खबर

अपने बच्चों को अच्छे स्कूलों में शिक्षा दिलाएं : दाऊद अहमद

आल इंडिया गद्दी समाज की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक

लखनऊ (एसएनबी)। आल इंडिया गद्दी समाज की इंजीनियर्स भवन में हुई राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में गद्दी बिरादरी के सामाजिक, राजनैतिक व शैक्षिक उत्थान सहित कई मुद्दों पर चर्चा हुई। बैठक में उत्तर प्रदेश के अलावा अन्य प्रदेशों से आये सैकड़ों पदाधिकारियों ने शिरकत की।

बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष विधायक दाऊद अहमद ने कहा कि समय के बदलने के साथ ही गद्दी समाज ने काफी तरक्की की है। आज इस समाज के लोग बड़े-बड़े पदों पर पहुंचने लगे हैं। लेकिन हमें इतने पर संतोष नहीं करना है और हमें अपनी बिरादरी को और ऊपर ले जाना है। इसके लिए अच्छी शिक्षा की सख्त जरूरत है। उन्होंने गद्दी बिरादरी के लोगों का आह्वान किया कि वह एकजुट हों और अपने बच्चों को अच्छे से अच्छे स्कूलों में शिक्षा दिलायें। दाऊद अहमद ने कहा कि आल इंडिया गद्दी समाज के पदाधिकारी ग्राम पंचायत से लेकर जिले और प्रदेश स्तर पर बैठकें कर संगठन को और मजबूत करें। उन्होंने कहा कि जब आप संगठित होंगे तभी राजनीतिक क्षेत्र में आपकी पूछ होगी और आपको अपना हक मिलेगा।

बैठक में पूर्व सांसद मुकीम अहमद, जहीर अहमद बर्नी, राष्ट्रीय महासचिव शकील अहमद सहित अनेक लोगों ने भी विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर जिला महामंत्री शुऐब अहमद, बिहार के जावेद अहमद गद्दी, रांची के साहेब अली, धनबाद के महबूब आलम के अलावा दिल्ली, महाराष्ट्र, राजस्थान आदि राज्यों से आये पदाधिकारियों ने भी विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम का संचालन शकील अहमद ने किया और समापन मुल्क में अमन व शान्ति की दुआ से हुआ।



आल इंडिया गद्दी समाज की बैठक को सम्बोधित करते अध्यक्ष दाऊद अहमद।

लखनऊ से प्रकाशित
राष्ट्रीय सहारा
दिनांक 25.07.2011
में प्रकाशित खबर